# INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

संज्ञा

Name: ____________________ Date:_____________ Class: IV Sec: ___

जो शब्द किसी व्यक्ति ,वस्तु ,स्थान अथवा भाव के नाम का कराते हैं ,उसे **संज्ञा** कहते हैं ।

- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री **पं.जवाहरलाल** नेहरू थे ।
- मधुबन हिंदी सरल माला मेरी हिंदी की **पुस्तक** है ।
- राष्ट्रपति भवन **नई दिल्ली** में स्थित है ।
- मेरा **बचपन** गाँव में बीता ।

पं.जवाहरलाल - व्यक्ति

पुस्तक - वस्तु

नई दिल्ली - स्थान

बचपन - भाव ये चारों संज्ञा हैं

संज्ञा के **तीन भेद** होते हैं -

1.व्यक्तिवाचक संज्ञा 2. जातिवाचक संज्ञा 3 .भाववाचक संज्ञा

1 **व्यक्तिवाचक संज्ञा** - किसी विशेष व्यक्ति ,वस्तु अथवा स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं ।

उदा :- मेरा विद्यालय **निज़वा** में स स्थित है ।

**प्रियंका गाँधी** और **राहुल गाँधी** भाई-बहन हैं ।

2 **जातिवाचक संज्ञा** - जो शब्द किसी प्राणी ,वस्तु या स्थान की पूरी जातिका बोध कराते हैं ,उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं ।

उदा :- **बाज़ार** में बहुत भीड़ है ।

**खेतों** में **गायें** चर रही हैं ।

3 **भाववाचक संज्ञा** - किसी भाव ,गुण ,अवस्था या क्रिया के व्यापार का बोध कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं ।

उदा :- लगातार कई घंटों तक खेलने से मुझे **थकान** हो गई ।

करेले में **कड़वापन** होता है ।

…………………………………